जनसत्ता

# मकान का पजेशन मिलने तक आपका किराया भरेंगे बिल्डर, कार, एश्योर्ड रिटर्न जैसे ऑफर्स की हुई बरसात

बैंकों की ओर से होम लोन की ब्याज दरों को कम करने के बाद रियल एस्टेट कंपनियों ने भी ऑफर्स की बरसात शुरू कर दी है। ताकि वो भी इसका फायदा उठा सके। जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में रियल एस्टेट में डिमांड बढ़ सकती है।

Written By जनसत्ता ऑनलाइन | Edited By सौरभ शर्मा
नई दिल्ली | September 27, 2021 10:58:20 am



अगर आपका क्रेडिट स्कोर कम है तो आप ज्वाइंट होम लोन भी ले सकते हैं। (Photo Indian Express Archive)

महामारी की मार झेल रहे देश के प्रॉपर्टी डिवेलपर्स ने त्योहारी सीजन में किस्मत को फिर से आजमाने के लिए बड़ा दांव लगाना शुरू कर दिया है। जानकारों का मानना है कि आगामी त्योहारी सीजन के दौरान भारत के रियल एस्टेट मार्केट अपार्टमेंट, इंडिपेंडेंट फ्लोर, विला और लैंड की मजबूत मांग देखी जा सकती है। चालू वित्त वर्ष में देश के आर्थिक विकास में एक स्ट्रांग रिवाइवल, होम लोन पर ऐतिहासिक कम ब्याज दरें और डेवलपर्स के साथ-साथ वित्तीय संस्थानों द्वारा आकर्षक फेस्टिव ऑफर्स घरों की मांग के मेन फैक्टर्स होंगे।

दिलचस्प बात यह है कि कई डेवलपर्स और रियल्टी सलाहकारों ने भी संपत्ति की कीमतों पर सीमित अवधि की छूट की पेशकश शुरू कर दी है और संभावित घर खरीदारों को लुभाने और संपत्ति की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए नए फेस्टिव ऑफर्स और पेमेंट स्कीम के साथ सामने आ गए हैं।

**गौर डेवलपर्स के ऑफर्स**

- गौर वर्ल्ड स्मार्टस्ट्रीट (ग्रेटर नोएडा वेस्ट) के लिए, जहां खुदरा दुकानें 24.95 लाख रुपये से शुरू होती हैं में भाग्यशाली विजेता को 12 फीसदी सुनिश्चित रिटर्न, एक सुनिश्चित उपहार, 30:40:30 पेमेंट स्कीम और एक एसयूवी कार की पेशकश कर रहा है।
- गौर सिटी सेंटर (ग्रेटर नोएडा वेस्ट) रेडी-टू-मूव-इन शॉप्स में, ग्रुप ऑफिस स्पेस के लिए 13.5 लाख रुपए और रिटेल शॉप्स के लिए 21.5 लाख रुपए से शुरू होने वाले निवेश पर 7 फीसदी सुनिश्चित रिटर्न का ऑफर दे रहा है।
- एरोसिटी यमुना कमर्शियल लैंड के लिए है, जो आगामी नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और फिल्म सिटी के करीब है। समूह निवेश पर 12 फीसदी रिटर्न और प्रत्येक बुकिंग पर एक कार की पेशकश कर रहा है।